वर्ष : 01 अंक : 310 | नर्मदापुरम, 01 नवंबर 2022, मंगलवार | पेज 04, मूल्य : 2 रुपए


# ।।संस्कृति।। कुटुंब

☎ 9425476757, 9407450540


# मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर मप्र शासन का कार्यालयों को रोशन करने का आदेश लेकिन कहीं उजाला तो कहीं रहा अंधेरा

## क्योंकि यहां मप्र शासन के नहीं खुद के बनाए नियम चलते है ?

पोस्ट ऑफिस, सिवनी मालवा



बिजली विभाग कार्यालय, बानापुरा



**विपिन मालवीया........सिवनी मालवा**

एक और पूरा मध्य प्रदेश स्थापना दिवस बड़े उत्साह के साथ मना रहा था वही सिवनी मालवा में सिर्फ स्थापना दिवस के नाम पर दिखावा जा रहा है। जबकि स्थापना दिवस को एक तरह से 26 जनवरी 15 अगस्त की तर्ज पर मनाने के दिशा निर्देश है परंतु अधिकतर कार्यालयों में दिखावा नजर आ रहा है।

प्रदेश के तमाम मंत्रियों सहित प्रदेश के मुखिया स्थापना दिवस को एक नया रूप और आयाम देने के लिए प्रयासरत थे परंतु स्थानीय स्तर पर शासकीय कार्यालयों में सिर्फ वाचन करके चंद मिनटों में कार्यक्रम खत्म करके स्थापना दिवस औपचारिक बना दिया।

जबकि शासकीय कार्यालयों में देर रात तक लाइटिंग डेकोरेशन होना चाहिए था परंतु जैसे ही शाम हुई वैसे ही शासकीय कार्यालयों में ताले लगने शुरू हो गए थे। जिम्मेदार अधिकारी अपने घर को रवाना हो चुके थे।

जिससे शासकीय कार्यालयों में रोज की तरह स्थापना दिवस के अवसर पर भी सन्नाटा छाया रहा अंधेरी नगरी चौपट राजा की तर्ज पर शासकीय कार्यालयों में स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। जब माननीय कहे जाने वाले नेताजी के राज में ही अंधेरा पसरा रहेगा तो प्रजा तो अंधेरे में ही रहेगी।

अधिकांश कार्यालय में अंधेरा ही रहा, जिन राहगीरों ने भी देखा तो यही कहा कि कुछ कार्यालयों में लाइटिंग की गई और आधे से ज्यादा कार्यालयों लाइटिंग नहीं की गई जिन लापरवाह अधिकारियों द्वारा मध्य प्रदेश स्थापना दिवस को मजाक के रूप में लिया है और स्थापना दिवस पर मध्य प्रदेश का अपमान किया है उन अधिकारी कर्मचारियों पर दंडात्मक कार्रवाई होना चाहिए।

वहीं दूसरी तरफ तहसील कार्यालय, नगर पालिका, जनपद पंचायत, पुलिस थाना, महिला बाल विकास विभाग, कन्या विद्यालय, उत्कृष्ट विद्यालय, नेहरू स्कूल, कुसुम कॉलेज, गर्ल्स कॉलेज, रेस्ट हाउस, बालक छात्रावास, बालिका छात्रावास, आईटीआई, बिजली विभाग का सिवनी कार्यालय में लाइटिंग की गई।




एसडीओपी कार्यालय, सिवनी मालवा



कृषि और उद्यानिकी विभाग, सिवनी मालवा



पोस्ट ऑफिस, बानापुरा




नगर पालिका कार्यालय, सिवनी मालवा



पशु चिकित्सालय, सिवनी मालवा




पुलिस थाना, सिवनी मालवा



तहसील कार्यालय, सिवनी मालवा




जिला सहकारी बैंक, बानापुरा



महिला बाल विकास विभाग, सिवनी मालवा



जयस्तंभ चौक, सिवनी मालवा

# शिवपुर पुलिस ने गांजा तस्कर को लिया गिरफ्त में 90 हजार का गांजा सहित मोटरसायकल जप्त



## SDOP ने टीम बनाकर की कार्रवाई, शिवपुर थाना प्रभारी संजीव पंवार की सक्रियता से मिली सफलता

संस्कृति कुटुंब..........सिवनी मालवा

पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम गुरकरण सिंह के द्वारा जिले में पदस्थ समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को मादक पदार्थ में लिप्त असामाजिक तत्वों को चिन्हित करते हुए उनके विरूद्ध कार्रवाई हेतु आदेशित किया गया था।

पुलिस अधीक्षक गुरकरण सिंह के आदेश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह के निर्देशन एवं एसडीओपी सिवनी मालवा सौम्या अग्रवाल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शिवपुर व स्टाफ की टीम गठित की गई थी। जिनके द्वारा मादक पदार्थ गांजा का व्यवसाय व परिवहन करने वाले व्यक्ति को पकड़ा, जिसके पास से 9 किलो 55 ग्राम मादक पदार्थ गांजा एवं अपराध में संलिप्त एक मोटर सायकल हीरो कंपनी एमपी 04 वीसी 2038 जप्त की।

### पुलिस ने दिखाई सक्रियता

30 अक्टूबर 2022 को अवैध मादक पदार्थ गांजा के परिवहन की मुखबिर से सूचना मिलने पर तत्परता से पुलिस टीम गठित की। टीम गांजा तस्करों की धड़पकड़ के लिए रवाना हुई और मुखबिर के बताए स्थान पावर हाउस के पास बाबरी में सरकारी गाड़ी की आड़ में खड़ी एम्बुस लगाकर छिपे रहे एवं आरक्षक महेंद्र गुर्जर को पावर हाउस के 500 मीटर दूर सिवनी मालवा तरफ खड़ा किया एवं बताया कि जैसे ही मुखबिर द्वारा बताई हुलिए की मोटर सायकल गुजरती है, तत्काल सूचना दे, थोड़ी देर बाद आरक्षक के द्वारा मोटर सायकल के आने की सूचना मिलने के बाद उक्त मोटरसायकल को घेराबंदी कर रोका गया।



### तलाशी में निकला गांजा

उस व्यक्ति के पास एक बेग रखा हुआ था, पूछताछ में उसने अपना नाम अजय पिता कमल कुचबंदिया उम्र 26 साल निवासी हिरणखेड़ा थाना सिवनी मालवा का होना बताया। पुलिस को अजय कुचबंदिया के बैग की तलाशी लेने पर गांजा मिला। एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के अनुसार तलाशी की कार्रवाई की गई, जो उक्त बेग के अंदर मादक पदार्थ गांजा भरा होना पाया गया। मौके पर उक्त गांजे की तौल करने की व्यवस्था कर मौके की कार्रवाई की गई।

### पुलिस की कार्रवाई

मौके पर कार्रवाई कर आरोपी अजय पिता कमल कुचबंदिया उम्र 26 साल निवासी हिरणखेड़ा थाना सिवनी मालवा से 9 किलो 55 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा परिवहन हेतु प्रयुक्त की गई। एक मोटरसायकल हीरो कंपनी एमपी 04 वीसी 2038 जप्त की। आरोपी अजय पिता कमल कुचबंदिया को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

### इनकी रही भूमिका

इस कार्रवाई में एसडीओपी सौम्या अग्रवाल, थाना प्रभारी शिवपुर संजीव पंवार, सहायक उपनिरीक्षक अमरसिंह मालवीय, प्रधान आरक्षक देवीसिंह राजपूत, विजय कीर, आरक्षक मनोज रघुवंशी, दिलीप जाट, कमलेश मंडलोई, महेंद्र गुर्जर, सुनील जाट, अमर तंवर, नरेंद्र राजपूत, प्रधान आरक्षक चालक जितेंद्र गंगवेर शामिल रहे।

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर नगर पालिका में शपथ एवं जन जागरूकता अभियान

संस्कृति कुटुंब..........सिवनी मालवा

नगर पालिका के द्वारा शासन के निर्देशानुसार 31 अक्टूबर 2022 को लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जन्म तिथि को राष्ट्रीय एकता दिवस अंतर्गत भारत की एकता अखंडता और सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के लिए नगर पालिका सभागृह में शपथ एवं जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया जिसमें सभी को शपथ दिलाई गई की हम सत्य निष्ठा से शपथ लेते हैं कि हम राष्ट्र की एकता अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करेंगे और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करेंगे हम यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहे हैं जिसे सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका हम अपने देश की



आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्य निष्ठा से संकल्प करते हैं साथ ही सभी के हस्ताक्षर भी कराए गए। जिसमें मुख्य लिपिक संजय गोयल, उपयंत्री राहुल शर्मा, चंद्रकांत कवर, स्वच्छता निरीक्षक डॉ प्रशांत शर्मा, श्रवण पाठक, निसार खान, ओम प्रकाश शर्मा, इरफान हुसैन, शुभम सोनी, शीला धन्यासे, क्षमा तुमराम, संतोष चौहान, शुभम साहू, सचिन मलैया, किरण रघुवंशी, अर्पित कटिहार के साथ-साथ सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन ने बताया कि मां भारती के अमर सपूत आधुनिक भारत के शिल्पकार राष्ट्रीय एकता के सूत्रधार किसान हित चिंतक भारत के प्रथम गृह मंत्री, लोहपुरुष भारत रत्न परम पूज्य सरदार वल्लभभाई पटेल जन्मतिथि को हम राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मना रहे हैं हम सभी के लिए बड़े गौरव की बात है हम सभी को भारत की एकता ,अखंडता और सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के लिए भरसक प्रयास करना चाहिए।

सीएमओ राकेश मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शासन के निर्देश अनुसार गतिविधियां संचालित कराई गई साथ ही कार्यालय के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को शपथ एवं हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से जागरूक किया गया

---

# ये रुद्री निर्माण नहीं हमारे जीवन निर्माण के सात दिन : आचार्य सोमेश परसाई

संस्कृति कुटुंब........... नर्मदापुरम

श्री विद्या ललिताम्बा समिति के तत्वाधान एवं पूज्य गुरुदेव आचार्य पंडित सोमेश परसाई जी के सान्निध्य में आज से प्रारंभ हुए सवा करोड़ शिवलिंग निर्माण के प्रथम दिन पूज्य गुरुदेव *आचार्य श्री सोमेश परसाई जी नें शिव भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि कलयुग में श्रद्धा के साथ भगवान का नाम ले लेने मात्र से अनंत फल की प्राप्ति होती है ।हट योग से जीवन बन जाता है और जीवन बिगड़ जाता है ।जरा सी प्रतिकूल परिस्तिथि में हम भगवान को कोसने लगते है ।हम स्वार्थी हो गए है हम भगवान से भी व्यापार करना चाहते है ।हम नाना प्रकार की कबूलना करते है ये व्यापार ही तो है ।वो परम पिता सबका पिता है उससे मांगने की क्या आवश्यकता है हम जिस वस्तु के योग्य है ईश्वर हमे स्वत: ही प्रदान कर देते है ।आचार्य श्री ने कहा कि किसी भी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तीन चीजों की आवश्यकता



होती है पहला सत्य संकल्प ,लोगों के मन मे संकल्प ही नही उठता ।इसके बाद सत्य संकल्प को पूरा करने के लिए सन्निष्ठ प्रयास ।प्रयास करना बड़ा कठिन है उसके लिए भी बिना भगवान की प्रेरणा के लोग आगे नही आते यदि आपके मन मे किसी धर्म कार्य मे सहभागी होने का मन हो तो समझ जाइये कि भगवत कृपा हो गई ।और तीसरा और सबसे महत्त्वपूर्ण है भगवत्कृपा क्योंकि यदि आपने सत्य संकल्प भी कर लिया सन्निष्ठ प्रयास भी कर लिए किन्तु यदि क्रम में भगवत्कृपा न आये तो भी कार्य सिद्ध नही होता।आचार्य श्री ने बताया कि चतुर व्यापारी की तरह भगवान की भी उपहार योजना चलती है भगवान पद-प्रतिष्ठा, धन ,रूप,ज्ञान,सिद्धि के साथ अहंकार मुफ्त में देते हैं ।इस योजना में न फस कर सच्चे भक्त सरलता सहजता दर्शन और निर्मलता को चुनते हैं।

कार्यक्रम का प्रारंभ स्वतिवाचन से हुआ ततपश्चात गौमाता का पूजन किया गया इसके पश्चात वैदिक विद्वानों द्वारा गणेश अम्बिका पूजन मंडल आदि पूजन तथा रुद्र पाठ पाठ हुआ ।इसके पश्चात रुद्री निर्माण में नगर के शिव भक्तों ने बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया । 21 ब्राह्मण कर रहें हैं सतत महामृत्युंजय मंत्र का जापइसके पश्चात भगवान शिव का संगीतमय रुद्राभिषेक हुआ ।भगवान को नाना प्रकार के रसों से स्नान कराया गया ।दूध दही घी शहद शक्कर आदि से भगवान का अभिषेक हुआ ।भगवान की दिव्य भस्म आरती एवं महाआरती की गई ।

कार्यक्रम में राकेश जादौन जिला प्रभारी भाजपा , माधव अग्रवाल जिला अध्यक्ष भाजपा ,डॉ राजेश शर्मा ,डॉ एल एन शर्मा पूर्वप्राचार्य,एडवोकेट अजीत रघुवंशी ,राहुल सोलंकी डी एस दांगी जी आदि उपस्थित हुए

# बघेल हॉस्पिटल का दीपावली मिलन समरोह राममय रहा

## बीएचआरसी ग्रुप के लोगों का हुआ अनावरण, डॉ विशाल बघेल बोले बहुत प्यार है सिवनी में












**संस्कृति कुटुंब.... .....सिवनी मालवा**

बीएचआरसी ग्रुप एवं रिलाएबल सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा दीपावली मिलन कार्यक्रम ₹दीपोत्सव₹ आयोजित किया गया। ₹अवध में राम आए हैं₹ थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में श्रीराम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान जी की सजीव झांकी का चित्रण किया गया। असत्य पर सत्य की विजय हासिल करके जब भगवान श्री राम अपना वनवास पूर्ण कर अयोध्या लौटते हैं उस दौरान अवध में बनने वाली दीपावली का नजारा कार्यक्रम में देखने को




मिला। झांकी का सभी लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान गगनचुंबी आतिशबाजी तथा मंच से श्रीराम के स्वागत में गीत गाए गए। कार्यक्रम में पधारे सम्माननीय अतिथियों ने राम-सीता की आरती उतारी तथा पुष्प माला पहनाकर स्वागत सत्कार किया, आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात बघेल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर हरदा को एनएबीएच से मान्यता मिलने पर एवं राष्ट्रीय स्तर पर लोगों के पेटेंट (रजिस्टर्ड) होने पर अतिथियों ने लोगो का अनावरण किया। सिवनी मालवा क्षेत्र के गांव थुआ के किसान की बेटी पूजा लौवंशी ने बड़े संघर्षों से डाक्टर की शिक्षा प्राप्त की, जिसकी इस उपलब्धि पर बीचआरसी ग्रुप की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि सिवनी मालवा क्षेत्र के विधायक श्री प्रेम शंकर वर्मा, आवली घाट के महाराज अनंतवन जी, समाजसेवी चेतन जी भार्गव भोपाल, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष जी पारीक, भाजपा जिलाध्यक्ष माधव दास जी अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष रिंकू जी जैन, करणी सेना के शंभू सिंह जी भाटी, रघुवीर जी राजपूत, लोधा लौवंशी समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेंद्र जी साध उपस्थित रहे। साथ ही नगर पालिका व ग्रामीण क्षेत्रों के जनप्रतिनिधि, पत्रकार साथी, नगर के चिकित्सक गण, अधिवक्ता, समाजसेवी, इटारसी तहसील के केसला, सुखतवा तथा तवानगर से पधारे भाजपा के कार्यकर्ता गण, सिवनी मालवा के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से वरिष्ठजन एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में हरदा के आर्केस्ट्रा ग्रुप द्वारा श्री राम, सीता, हनुमान जी की आराधना में





मधुर गीतों की प्रस्तुति दी गई। चेतन भार्गव जी ने देशभक्ति, भारतीय संस्कृति तथा हिंदी के महत्व पर ओजस्वी पूर्ण तरीके से अपनी बात रखी। बीएचआरसी ग्रुप के डायरेक्टर डॉ विशाल सिंह बघेल ने बीएचआरसी ग्रुप के बढ़ते कदम, विभिन्न इकाइयों पर अपनी बात रखते हुए सभी के सहयोग पर आभार व्यक्त किया। डॉ पूनम सिंह राजपूत ने एनएबीएच द्वारा मान्यता प्राप्त होने संबंधी जानकारी देने के साथ रिलाएबल सोशल वेलफेयर सोसायटी की गतिविधियों के बारे में बताया। सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंडल की ओर से प्रीति जी शुक्ला, उषा जी उदासी ने नगर में स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ-साथ सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के बेहतर संचालन हेतु अपनी पूरी टीम के साथ बीएचआरसी ग्रुप के डॉक्टरों का सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे ईश्वर विश्नोई ने सभी का आभार माना।







स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक विपिन मालवीया, द्वारा श्री सिद्धिविनायक प्रिंटर्स, प्लॉट नं 26 बी, देशबंधू परिसर, प्रेस कम्प्लेक्स, एमपी नगर जोन - 1, भोपाल से मुद्रित तथा म नं 51, जेल रोड, सिवनी मालवा, इटारसी/होशंगाबाद, जिला नर्मदापुरम (होशंगाबाद) मप्र से प्रकाशित। मोबाइल नंबर - 9425476757, TITLE CODE: MPMUL00382